Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 18th September, 2023

Reserve Bank Of India Job Notification for th post of Assistants

RBI में असिस्टेंट भर्ती के लिए आवेदन 4 तक, परीक्षा 21 को

इंदौर| भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सहायक भर्ती-2023 का नोटिफिकेशन जारी किया है। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है और उम्मीदवार 4 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। RBI के इस भर्ती अभियान से 450 पदों को भरा जाएगा। इन पदों में से 241 पद अनारक्षित हैं, जबकि 71 ओबीसी, 37 ईडब्ल्यूएस, 45 एससी और 56 एसटी के लिए आरक्षित हैं। आयु 1 सितंबर को कम से कम 20 वर्ष और अधिकतम 28 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में छूट है। आवेदकों को कम से कम 50% अंकों के साथ ग्रेजुएशन होना जरूरी है। भूतपूर्व सैनिकों के लिए न्यूनतम योग्यता ग्रेजुएशन या 12वीं और कम से कम 15 वर्ष की रक्षा सेवा है। सिलेक्शन प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और भाषा दक्षता परीक्षा (LPT) के माध्यम से होगा। ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा 21 और 23 अक्टूबर को होना है। मुख्य परीक्षा 2 दिसंबर को होने की संभावना है।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)